# धरातल पर उतरा 16,000 करोड़ रुपये का पीएनजी एमओयू

जगदीप शुक्ल● जागरण

सीतापुर : इन्वेस्टर्स समिट-2023 में भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की ओर से जिले में घर-घर पाइप से घरेलू गैस पहुंचाने के लिए 16,000 करोड़ रुपये का एमओयू (समझौता ज्ञापन) साइन किया गया था। यह धरातल पर उतरने लगा है। पहले चरण में नगर के पांच हजार घरों को अक्टूबर माह से गैस मिलने लगेगी। इसके लिए टेस्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। शेष 20,000 घरों में दिसबंर तक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। इससे करीब दो लाख से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी।

बीपीसीएल ने 5,743 वर्ग किलोमीटर में बसे जिले के करीब साढ़े सात लाख घरों के साथ ही लखीमपुर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, महराजनगर, सिद्धार्थनगर तक पाइप लाइन से गैस पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जिले में पहला चरण पूरा हो चुका है। अब तक नगर के पांच हजार घरों में गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था कर ली गई है। कनेक्शन तो 25,000 घरों को दिए जा चुके हैं, लेकिन परीक्षण का कार्य सिर्फ पांच हजार घरों के लिए ही चल रहा है। इन घरों को टेड़वा चिलौला में बने भारत पेट्रोलियम के जोनल डिपो से गैस की आपूर्ति की जाएगी।

फिलहाल, टैंकर से पाइप लाइन में गैस भेजी जाएगी। वहीं, रिसाव व अवरोध आदि की जांच करने के लिए पाइप लाइन में गैस दौड़ाकर इसका परीक्षण भी किया जा चुका है, जो कि सफल रहा है। अक्टूबर से विधिवत आपूर्ति शुरू हो जाएगी। उधर, बीपीसीएल की ओर से शाहजहांपुर से निकली गैस अथारिटी आफ इंडिया (गेल) की पाइप लाइन से जिले को जोड़ने का काम चल रहा है। इसके लिए 12 इंच चौड़ी स्टील की पाइप लाइन डाली जा रही है।

नगर को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) से संतृप्त करने के बाद बीपीसीएल इसे महमूदाबाद, बिसवां, सिधौली, महोली, खैराबाद, हरगांव, मिश्रिख, नैमिषारण्य आदि कस्बों तक पीएनजी पहुंचाएगा। इसके बाद गांवों में आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



सीतापुर में सिविल लाइंस मुहल्ले के एक घर में लगा गैस मीटर● जागरण

पीएनजी आपूर्ति के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षण कर लिया गया है। पाइप लाइन को कोई कमी नहीं निकली है। अक्टबूर से पांच हजार घरों में आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

– अजीत सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड।

## लखीमपुर को भी होगी आपूर्ति

कंपनी ने सीतापुर को जंक्शन बनाया है। गेल से जोड़ी गई पाइप लाइन टेड़वा चिलौला में बने जंक्शन आएगी। यहां से सीतापुर के साथ लखीमपुर को आपूर्ति की जाएगी। लखीमपुर नगर में कनेक्शन देने का काम तेजी से चल रहा है।